इनको नजर न लग जाए

सज धज कर बैठे श्याम और मंद मंद मुस्काये,
आओ नजर उतारे बाबा की कही इनको नजर न लग जाए,

कोई काजल डिबिया ले आओ मेरे बाबा को टिका लगा जाओ,
मेरे प्यारे प्यारे बाबा को भगतो की नजर न लग जाए,

मेरे बाबा का मुखड़ा भोला है,फूलो में चंदा लिपटा है,
इस सोने सोने मुखड़े को चंदा की नजर न लग जाए,

मेरे बाबा की लीला न्यारी है तेरी सूंदर छवि प्यारी है,
इस जग के पालनहारे को कही खुद की नजर न लग जाए,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16578/title/inko-najar-na-lag-jaaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |